


हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 22 जुलाई 2024
[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]


बालोद

बारिश का कहर : दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश से तरबतर हुआ जिला

लाटाबोड़

# झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर, कई घरों में घुसा पानी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर है। गांव के छोटे बड़े नदी नालों में व तालाब सहित पोखर व गड्ढेनुमा जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कई गांवों में ग्रामीणों के घरों में बारिश का पानी घुस गया, जिसे कड़ी मशक्कत बाहर निकालने में लगे रहे।

बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से लोगों के घरों में पानी भर गया है। अगर इसी तरह की स्थिति रही और आगामी चौबीस घंटे में भारी बारिश हुई तो लोगों को अपने ही घर में रहना मुश्किल हो जाएगा। वर्तमान स्थिति यह है कि घरों में पानी भरने से घर में खाना बनाने से लेकर बैठने और सोने के लिए भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बारिश का पानी भरने से घरों में जहरीले सांप, बिच्छु तथा कीड़े मकोड़े आने का खतरा और भी बढ़ गया है। ग्राम निपानी में खेत, खलिहान में भरे बारिश का पानी ग्रामीणों के घर तक पहुंच गया, जिसकी तस्वीरें सामने आई है। ग्राम कोंगनी और कमरौद सहित आसपास के अन्य दर्जनों गांवों में स्थित ▶▶| शेष पेज 10 पर



## तांदुला में बाढ़ जैसी स्थिति, आवागमन में हो रही परेशानी

**बालोद।** लगातार दो दिनो से हो रही भारी बारिश से तांदुला नदी में बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई है। इसके कारण ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों को नदी मे पुल निर्माण की मांग पूरी नहीं होने के कारण कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, ग्राम में आने जाने के दो मार्ग में से एक नदी का मार्ग बारिश के दिनों में बंद हो जाता है और दूसरा मार्ग जर्जर हो चुका है। वहीं, दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से प्रभावित नरेश यादव, जितेंद्र यादव, दुष्यंत कुमार ने बताया कि शनिवार को ▶▶| शेष पेज 10 पर



## देरानी-जेठानी नाला उफान पर कई गांवों का सड़क संपर्क टूटा

**गुरूर।** अंचल में 2 दिनों से हुई झमाझम बारिश से नदी नाले उफान पर आ गए हैं, खेत लबालब हो गए हैं। तहसील मुख्यालय के अधिकांश गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके कारण कई गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों को पूरे दिन घर में ही रहकर व्यतीत करना पड़ा। शनिवार को तेज बारिश से देरानी-जेठानी नाला उफान पर आ गया। ज्ञात हो कि शुक्रवार को गरज चमक के साथ तेज बारिश शनिवार और रविवार को भी हुई बारिश से खेत खलियान डूब गए तो वही गलियों में पानी घुस गए जिसे लोगों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ी।ग्राम डोकला में नाला उफान पर आने से नंदी चौक के पास 5 फीट लगभग पानी भर गया था। वहीं, ग्राम दर्रा के ग्रामीणों को ग्राम खर्रा होते हुए दैनिक सामग्री के लिए आवागमन करना पड़ा।



## बोरी में सेमरिया नाला में खतरे के निशान से ऊपर बह रहा पानी

**लाटाबोड़।** शनिवार रात से रविवार रात्रि तक लगातार हुई वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बोरी स्थित सेमरिया नाला में खतरे के निशान से ऊपर पानी बह रहा है। वहीं, भेंगारी पसौद से गांवों का संपर्क टूट गया, जिससे लोगों को भी परेशानी हो रही है। शनिवार शाम 6 बजे से देर रात्रि बारिश हुई। जिले में लगातार बारिश से कई जगह जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। वहीं, नाले के पास बने कुछ घरों में भी जल जमाव की स्थिति बनी। नाले की सफाई नहीं होने से पुलिया के पास कचरा अटक गया, जिससे पानी सड़क पर बह निकला। सेमरिया नाला खतरे के निशान तक पहुंच गया। पुलिया के ऊपर लगभग 3 फीट पानी बहने से आवागमन पूरे दिन बंद रहा।



## खपरी (लाटाबोड़) में मकान ढहा

**लाटाबोड़।** दो तीन दिन से रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश के बीच बालोद ब्लॉक के ग्राम खपरी (लाटाबोड़) में शनिवार की रात माखन शार्वा का लगभग 60 वर्ष पुराना एक कच्चा मकान रात्रि लगभग साढ़े 8 बजे ढह गया। वहीं, दीवारों के ढह जाने से नीच रखी 2 साईकिल 1 मोटरसाईकिल व 2 बिजली का मीटर दब गए। इससे लाखों का सामान बर्बाद हो गया। वहीं, हादसे के समय घर में मौजूद लोग बाल-बाल बचे। बारिश होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दो तीन दिनों से हो रही बरसात से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश कहीं मुस्कान तो कहीं परेशानी का सबब बन चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें जलमग्न हैं, तो कहीं भारी बारिश के कारण लोगों के घरों में भी पानी भर रहा है। कीचड़ और पानी से लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल है। पीड़ित मकान मालिक ने बताया कि घर गिरने की आहट सुनाई देते ही सभी लोग बाहर निकल आए अन्यथा अनहोनी हो सकती थी, पीड़ति ग्रामीण ने विभाग से मुआवजा की माँग की है।

## खबर संक्षेप

### सांकरा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बालोद।** जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगन्नाथपुर सांकरा में 22 जुलाई को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### गायत्री भवन में गुरू पूर्णिमा पर किया यज्ञ

**डौण्डी।** आदिकाल से भारत ने गुरू की महानता को पहचाना है। वह गुरू ही है जिन्होंने मनुष्य को ईश्वर का बोध कराया है। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री भवन में साधक परिजनों ने एक कुंडीय यज्ञ किया। वरिष्ठ परिजन पुरुषोत्तम लाल सोनवानी ने बताया कि प्रथम गुरू त्रिकालदर्शी महर्षि वेदव्यास जी का जन्म इसी पूर्णिमा को हुआ था । जिन्होंने मानव जाति को सर्व प्रथम ईश्वर का बोध कराने वाला उपदेश दिया था । इसीलिए उनकी जयंती को गुरू पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं । इस अवसर पर बाबूलाल वैष्णव, ईश्वर साहू, अनिल भंडारी ऊँकारी, शिवदयाल सिन्हा एवं उनका परिवार, सुबोध श्रीवास्तव, सुभद्रा सोनवानी, श्रीमती शशि साहू, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# सफर के दौरान बाइक के हैंडल पर पहुंच गया सांप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बारिश के दिनों में अगर आप भी गाड़ी को अस्त व्यस्त या कहीं पर भी खड़े कर रख रहें हैं तो उस पर सफर करने से पहले गाड़ी की बारीकी से जांच कर लें, क्योंकि बाइक चलाते समय बाइक में छुपे बैठे जहरीले सांप आपको कभी भी दर्शन दे सकते हैं।

■ मैकेनिक की मदद से निकाला गया सांप

ऐसा ही हुआ जब एक व्यक्ति ग्राम झलमला में बाइक चलाते समय अचानक घबराते हुए रुक गया। जब बाइक चालक ने आस पास के लोगों की मदद से गाड़ी की जांच की तो एक जहरीला सांप बाइक के वाइजर के अंदर बैठा था। घबराए बाइक चालक ने गाड़ी मैकेनिक की मदद ली। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल होने लगा है। झलमला में बाइक मैकेनिक नोहर साहू द्वारा दुपहिया वाहन के भीतर तक घुसे जहरीले सांप का रेस्क्यू किया गया। आपको बता दें कि एक व्यापारी की गाड़ी जो मिल के पास खड़ी हुई थी उसमें ना जाने कहां से एक जहरीला सांप अंदर तक घुस गया था। इस घटना से अनजान दुपहिया वाहन सवार सड़क पर गुजर रहा था। तभी सांप निकालकर सीधे उसके हैंडल और हाथ तक पहुंच गया, जिसके बाद घबराए दुपहिया वाहन सवार ने गाड़ी को रोका और इसकी सूचना दो पहिया वाहन बनाने वाले नोहर साहू को दी।

### हेडलैंप वाइजर तक घुसा था सांप

आपको बता दें कि यह जहरीला सांप गाड़ी में स्टैंड के माध्यम से सीधे हेड लैंप वाइजर तक घुसा हुआ था और जब गाड़ी चली तो वह अचानक निकला और वाहन सवार व्यक्ति को डसने की कोशिश किया। इसी दौरान गाड़ी को दोपहिया वाहन बनाने वाले नोहर साहू को इसकी सूचना पर दी गई, इसके बाद नोहर साहू वहां पहुंचा और उसने गाड़ी के सभी पाट्र्स को धीरे–धीरे खोलने का प्रयास किया परंतु सांप इतना शातिर था कि वह दोपहिया वाहन के हेडलैंप और वाइजर तक पहुंच गया था। मैकेनिक ने सावधानी पूर्वक मोटर सायकिल के पार्ट को खोलते हुए जहरीले सांप को मोटर सायकल से बाहर निकाला।






## सावन का प्रथम सोमवार आज ब्रम्ह मुहूर्त से जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज से सावन माह की शुरुआत हो गई। सबसे खास बात यह है कि इस साल सावन माह की शुरुआत सोमवार से हो रही है। सोमवार का दिन भगवान शिव का विशेष दिन माना जाता है।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष कुल 59 दिनों का सावन था, जिसमें कुल आठ सोमवार भक्तों को भगवान शिव की आराधना, अभिषेक के शुभ मौके मिले। लेकिन इस साल एक माह का सावन है और एक माह में पांच सोमवार पड़ रहा है। आज से जिले भर के शिव मंदिरों में भक्ति गीत सुनाई देने शुरू हो जाएंगे। वहीं, तमाम शिव मंदिरों में आने वाले एक माह तक भक्तों का तांता लगा रहेगा। पंडित धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि हिन्दू पंचांग के अनुसार दवशयनी एकादशी लगने के बाद से चार माह तक देव सो जाते हैं, ऐसे में विवाह कार्यक्रम का मुहूर्त नहीं होता है। देवउठनी एकादशी के दिन से विवाह कार्यक्रम फिर से शुरू हो जाता है।

## बार-बार बिजली बंद होने से ग्रामीण परेशान

**बालोद।** करहीभदर सब स्टेशन से ग्राम गोडपाल, मुल्ले, मुलेगुड़ा, बेलोदा मर्रामखेड़ा, मंगलतराई, गोटूलमुंडा, केशोपुर अर्जगुडरा, नारागाँव तक विद्युत सप्लाई दिया जाता है लेकिन बीते दो दिनों से बिजली बंद होने से पेयजल की किल्लतो का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है जिसके कारण ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे हैं और वैकल्पिक सुविधाओं के माध्यम से पानी भरने को मजबूर नजर आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा हल्की बारिश होते ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। वहीं, दिन और रात बिजली बंद चालू करने का खेल किया जाता है जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल से लेकर खाना बनाने व खाने के समय भी अँधेरे में रहना पड़ता है। वहीं विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण पूरी रात अँधेरे में गुजारनी पड़ती है। बिजली बंद होने के कारण पंखे बंद हो जाते हैं, जिसके कारण मच्छर लोगों को परेशान करता है और लोग ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। वहीं, दिन में 10 मिनट बिजली देकर 30 मिनट तक बिजली बंद कर दी जाती है। इस तरह दिन में कई बार बिजली बंद होने के कारण ग्रामीण परेशान हैं।

■ करहीभदर सब स्टेशन से जुड़े गांवों में गहराई समस्या




## खबर संक्षेप

### वित्तमंत्री निवास कूच करने वाली महिलाओं को पुलिस ने रोका

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को लाभ न मिलने के कारण शनिवार को पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं जिनको योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है या एक-दो किस्त मिली है, ऐसी महिलाओं के साथ हितग्राहियों की सूची लेकर मंत्री ओपी चौधरी के निवास के लिए गांधी मैदान से निकली महिलाओं को पुलिस ने बलपूर्वक गास मेमोरियल मैदान के पास रोका। एआईसीसी के सचिव, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, भाजपा ने विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में कहा था कि छत्तीसगढ़ की प्रत्येक महिला को महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर महीने 1000 रुपए मिलेगा। सरकार बनते ही लाभार्थियों को जनवरी और फरवरी की किस्त नहीं दी। मार्च से देना प्रारंभ किया गया। चुनावी भाषण में भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और इनके प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी नेताओं ने 90 विधानसभा में महतारी वंदन योजना को लेकर कहा था कि पांच साल इसका लाभ दिया जाएगा।

### यात्री गाड़ियों की लेटलतीफी, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** कैट के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन के नेतृत्व में रायपुर रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार और वाणिज्य अधिकारी अवधेश त्रिवदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने यात्री गाड़ियों की लेटलतीफी एवं निरस्त होने के विषय पर ज्ञापन सौंपा। अमर पारवानी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से टीम कैट ने रायपुर रेल मंडल प्रबंधक को अवगत कराया कि आजकल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में यात्री गाड़ियों की लेटलतीफी और ट्रेन निरस्त होने के मामले अधिक हो रहे हैं। व्यापारियों को खरीदारी करने अन्य शहरों में जाना पड़ता है, पर रेलगाड़ियां विलंब से चलने और गाड़ियों के निरस्त होने के कारण आम जनता और व्यापारियों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे उनके समय एवं व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। श्री पारवानी ने बताया कि टीम कैट से चर्चा के दौरान मंडल रेल प्रबंधक एवं वाणिज्य अधिकारी को अवगत कराया कि लोकल यात्री गाड़ियों के निरस्त होने पर यात्रियों को लम्बी दूरी की गाड़ियों में सफर करने की पात्रता दी जानी चाहिए, जिससे यात्री अपने गंतव्य स्थान सही समय पर पहुंच सकें। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर से अहमदाबाद के लिए पहले भी दुरंतो एक्सप्रेस ट्रेन की मांग की गई थी, जो आज तक पूरी नहीं हुई है। अहमदाबाद के लिए अन्य गाड़ियों में बहुत अधिक वेटिंग की समस्या रहती है, कन्फर्म टिकट नहीं मिलता है। रेलवे की नीति में राजधानी से अहमदाबाद तक दुरंतो चलाने का प्रावधान है।

### सरकार स्पष्ट करे, राजस्थान को उत्खनन की अनुमति दी है या नहीं

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हसदेव अरण्य में खनन की अनुमति देने के बाद अनुमति से इनकार कर प्रदेश के लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

## पेज 9 के शेष

### झमाझम बारिश से ...

नदी नाले उफान पर है। रविवार के दिन चूंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इतवारी त्यौहार मनाते हैं, ऐसे में ग्रामीण नदी नालों में जल भराव की स्थिति देखने पहुंच रहे हैं।

### तांदुला में बाढ़...

वे सुबह घुटने से अधिक पानी को पार करके जिला मुख्यालय अपने काम में गए थे, लेकिन रात को जब वे 9 बजे वापस काम से घर आने के लिए नदी तट पर पहुंचे तो अचानक पानी का स्तर कई गुना बढ़ चुका था। उन्होंने बताया कि उन्होंने दोनों हाथों से सायकल उठाई और जैसे-तैसे डरते डरते कमर से भी ज्यादा पानी को पार किए। उल्लेखनीय है कि बारिश में ज्यादा दूरी तय कर दूसरी ओर जाने से बचने के लिए लोग इसी तरह जान जोखिम में डाल कर नदी पार करते हैं।

# तबादले के बाद पांच दिनों में छोड़नी होगी कुर्सी, सामान्य प्रशासन ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

तबादले के बाद भी कुर्सी पर जमे रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर सरकार ने शिकंजा कसा है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में सभी विभागों के सचिवों को पत्र जारी करते हुए लिखा है कि अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले का आदेश प्राप्त होने के पांच दिन के बाद छठवें दिन कार्यमुक्त माना जाएगा। पांच दिन के भीतर भी पदभार ग्रहण नहीं करने पर अगले दिन से उनकी नियुक्ति नवीन पदस्थापना के स्थान पर मानी जाएगी।

सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अन्बलगन पी. द्वारा जारी आदेश में यह भी उल्लेखित है कि तबादले के बाद विभागीय सचिव भी अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त का आदेश जारी करें, ताकि वे नए पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण कर सकें। सामान्य प्रशासन को इस संबंध में शिकायत भी मिली थी कि तबादले के बाद कार्यमुक्त करने में विभागीय लेटलतीफी हो रही है। इसका खामियाजा अधिकारी-कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है, वहीं कई प्रकरणों में कार्यमुक्त करने के बाद अधिकारी जमे रहते हैं।

**इस कारण जारी करना पड़ा आदेश :** जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक आवश्यकता और कार्य व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से मंत्रालय के विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारियों की पदस्थापना एक विभाग से दूसरे विभाग में की जाती है। अक्सर यह देखा गया है कि इन अधिकारी-कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना किए जाने पर लंबे समय तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया जा रहा है। कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण वर्तमान में लागू इलेक्ट्रानिक गवर्नेस व्यवस्था के तहत संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन की अवधि का उल्लेख, ऑनलाइन अवकाश पोर्टल के संचालन आदि में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

**खास बातें**

- तबादले के बाद भी विभागों में जमे रहने वाले अधिकारियों पर शिकंजा
- कई प्रकरणों में कार्यमुक्त के बाद अधिकारियों के जमे रहने की मिली शिकायत



### संघ ने भी जताई आपत्ति

छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ ने इस मामले में सामान्य प्रशासन विभाग को चिट्ठी लिखी थी। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव से मिलकर ज्ञापन सौंपा था कि मंत्रालय के विभिन्न विभागों में कई कर्मचारी, अधिकारी लंबे समय से उच्चतर पदों पर पदोन्नति के बाद भी जमे हुए हैं। कुछ का स्थानांतरण अन्य विभागों में होने के बाद भी वह विभागीय सचिवों से कार्य आवश्यकता आदि का लेख करवाकर स्थानांतरण रुकवाने में सफल हो जाते हैं। पदोन्नति के बाद भी कई अधिकारी-कर्मचारी जमे हुए हैं, इस आदेश के बाद बदलाव होगा।

**विडंबना :** ग्राम खरथुली में श्मशान घाट में शेड की जर्जर हालत के कारण हो रही समस्या

# मौत के बाद भी इंतजार, बारिश के कारण एक दिन रोकना पड़ गया अंतिम संस्कार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जीवित व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने पर उन्हें भटकते हुए आपने देखा और सुना होगा। लेकिन, किसी मृत व्यक्ति को अंतिम संस्कार करने के लिए भटकते हुए आपने शायद ही कहीं सुना होगा। लेकिन बालोद जिले में अब इस तरह के मामले ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर सामने आने लगे हैं।

पहले अर्जुन्दा तहसील से लगे ग्राम भालूकोन्हा में मुक्तिधाम नहीं होने से तिरपाल व छाता के सहारे बरसते पानी में दाह संस्कार करने का मामला सामने आया था। अब जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत भोथली के आश्रित ग्राम खरथुली से इसी तरह का मामला सामने आया है। यहां एक ग्रामीण चंदूलाल साहू का निधन हो जाता। उनका दाह संस्कार करने शनिवार की शाम परिजनों व ग्रामीणों ने तैयारी की, लेकिन उसी समय बारिश शुरू हो गई और गांव में स्थित श्मशान घाट की बदहाल स्थिति जहां टीनशेड जर्जर और टूटी-फूटी हालत में है। ऐसी स्थिति में मृतक का दाह संस्कार कर पाना लगभग नामुमकिन था। इस दौरान परिजनों व ग्रामीणों ने मृतक के शव को एक रात के लिए घर पर ही रखा गया, उसके अगले दिन यानिकि रविवार सुबह ही बारिश होने से पहले दाह संस्कार किया गया। ग्राम पंचायत भोथली के आश्रित ग्राम खरथुली में स्थित श्मशान घाट की स्थिति को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि गांव के सरपंच आखिर कितने जागरूक हैं और जिन ग्रामीणों ने उन्हें सरपंच पद के लिए भरोसा करके उन्हें चुना है वही सरपंच आज ग्रामीणों की इस बड़ी और गंभीर समस्या का कारण बना हुआ है।



### जनप्रतिनधि नहीं दे पा रहे जवाब

ग्राम खरथुली निवासी ईश्वर लाल ध्रुवे, घनाराम, उमेश ठाकुर, पुष्पेंद्र कुमार, चमन लाल, चंद्रशेखर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव की इस बड़ी समस्या से सरपंच को कई बार अवगत कराया जा चुका है, सरपंच भी इस समस्या को भलीभांति जानते हैं लेकिन उनके द्वारा हर बार नया नया गोलमोल जवाब देकर मामले में चुप्पी साध लेते हैं। गांव की इस गम्भीर समस्या को जब सरपंच को बतातें हैं तो उनके द्वारा कहा जाता है कि ग्रामीण ही मनमानी करते हुए कलेक्टर से शिकायत करते हैं व राजनीतिक करने लग जाते हैं कि बात कहा जाता है। बहरहाल बारिश के दिनों में ग्राम खरथुली में दाह संस्कार करने में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### बारिश बंद होने के बाद किया अंतिम संस्कार

गांव के श्मशान घाट की स्थिति का शेड पूरी तरह जर्जर एवं अनुपयोगी हो चुका है वहां लगे टीन शेड पूरी तरह से टूट फूट चुके हैं। जिसे नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है टूटे फूटे टीन शेड के कारण बारिश के कारण मृतक अंतिम संस्कार किया जाना मुश्किल होता है। यही स्थिति शनिवार को मृतक चन्दूलाल साहू के अंतिम संस्कार के समय स्थित हुई। जिसके कारण ग्रामीणों को 24 घंटे तक बारिश के बंद होने का इंतजार करना पड़ा। बारिश बंद होने के बाद ही मृतक का अंतिम संस्कार किया जा सका।

# शातिर चोर को पकड़ने आरपीएफ सिविल ड्रेस में करेगी काम, स्टेशन में स्पेशल टीम चलाएगी अभियान

- यात्रियों के सामान और मोबाइल चोरों को पकड़ने जल्द शुरू होगा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बढ़ते मोबाइल चोरी के मामलों के बीच अब आरपीएफ विशेष अभियान चलाने की तैयारी में है। रेल मंडल में आरपीएफ के नए कमांडेंट रमन कुमार ने बीते दिनों पदभार ग्रहण के बाद अब शातिर चोरों को पकड़ने के लिए रणनीति बनाई है। स्टेशन व ट्रेन से हर सप्ताह मोबाइल चोरी को लेकर शिकायत यात्रियों से मिल रही है। आमतौर पर चोरी यात्रियों के लापरवाही के कारण होती है, लेकिन कई मामलों में देखा गया है कि चोर शातिर तरीके से यात्रियों का मोबाइल पल झपकते ही गायब कर देते हैं। विशेष अभियान में आरपीएफ सिविल ड्रेस में कार्य करते स्टेशन पर लोगों पर निगरानी रखेगी। यह अभियान किसी भी समय शुरू कर सकता है। आरपीएफ का कहना है कि अब चोरों को उनके ही अंदाज में पकड़ेंगे। हमारा लक्ष्य सामान्य से लेकर बड़े चोरों को पकड़ने का है, जो लगातार स्टेशन और ट्रेन में यात्रियों का फोन चोरी कर रहे हैं। बता दें कि रेल मंडल में हर साल चोरी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। पांच सालों में हजारों यात्रियों का चोरी हुआ फोन नहीं मिल पाया है।

### बेवजह चेन पुलिंग कर बचना अब मुश्किल

आरपीएफ अमला इन दिनों ट्रेनों की बेवजह चेन पुलिंग कम करने में जुटा हुआ है। कमांडेंट का कहना है कि अब बेवजह चेन पुलिंग करने के बाद आरपीएफ से बच पाना बेहद मुश्किल है। लगातार अभियान चलाकर बेवजह चेन पुलिंग के मामलों को कम किया जा रहा है। सप्ताहभर में 40 से अधिक ऐसे लोगों पर कार्रवाई हुई है, जिन्होंने अपने परिजन के इंतजार में चेन पुलिंग की थी। अभियान में इस बात का विशेष ध्यान रख रहे हैं कि ट्रेन अपने निर्धारित समय से छूटे।

# युवाओं में बचत को बढ़ावा देना समय की मांग

## वित्तीय साक्षरता को लेकर किया गया कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





डीएसटी एवं आईआईटी भिलाई, आयोजक पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर तथा शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडी लोहारा के सह आयोजन में तीन दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन 18 जुलाई से किया गया। ज़िले के प्रभारी प्रशासनिक सहायक टकेश्वर साहू ने बताया कि महाविद्यालय के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता का ज्ञान देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि पद्मश्री जागेश्वर यादव (बिरहोर गुरू) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. एल.एस. गजपाल, प्रोफेसर समाजशास्त्र एवं कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर (छ.ग.) एवं प्रथम सत्र रिसोर्स पर्सन योगेश्वर सहारे, शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक डौण्डीलोहारा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू लाल कोसरे प्राचार्य ने की।

उक्त अवसर पर बिरहोर तथा पहाड़ी कोरवा के उत्थान हेतु विगत 25 वर्षो से कार्यरत पद्मश्री जागेश्वर यादव (बिरहोर गुरू) ने कहा कि युवाओं को बचत करना सीखना चाहिए, फिजूल खर्ची नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी जमा पूँजी हमेशा बैंक में ही जमा करें एवं बैंक से ही लेन-देन करें। अन्य किसी के झांसे में न आये। प्रथम सत्र रिसोर्स पर्सन भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक योगेश्वर सहारे ने वित्तीय साक्षरता और बैंक से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी श्री सहारे ने दिया।

**ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने दी गई समझाइश:** द्वितीय सत्र साइबर टीम एसडीओपी देवांश राठौर, रुमलाल प्रधान आरक्षक, बालोद द्वारा लिया गया जिसमें जिसमें उन्होंने आज कल चल रहे ऑनलाइन धोखाधड़ी पर अपना व्याख्यान दिया कि इससे किस तरह बचा जा सकता है, और किसी भी लिंक को ओपन करने से मना किया।

प्रथम दिवस के समाप्ति के बाद छात्र छात्राओ से दोनों सत्र का फीडबैक लिया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम में विकास साहू, सह प्रशासनिक सहायक फिन टेक जिला बालोद, संजय कुमार ठाकुर नोडल अधिकारी एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएंउपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थिति में मिली लाश, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- तीन दिन पूर्व परिजनों से आखिरी बार बात हुई थी

खमतराई थाना क्षेत्र में शनिवार को डब्लूआरएस कालोनी के रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में लाश मिली है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। पुलिस चोट के निशान को रेल से गिरने पर जो चोट लगती है, उसका निशान होने की बात कह रही है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मौके पर मृतक के मोबाइल फोन, पर्स तथा मालवाहक वाहन नहीं मिलने की वजह से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर दलदल सिवनी निवासी रमजान खान की लाश मिली है। मृतक की लाश का पोस्टमार्टम कर पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार रमजान मालवाहक वाहन मिनी डोर चलाने का काम करता था। मृतक की आखिरी बार अपने परिजनों से गुरुवार शाम को बात हुई है। उसके बाद से उसका परिजनों से संपर्क नहीं हो पाया।

रमजान की आखिरी बार अपने परिजनों से किस लोकेशन पर बात हुई है। पुलिस इसकी जानकारी जुटाने की बात कह रही है। पुलिस को आशंका है कि रमजान अपने मिनी डोर को किसी जगह पार्क किया होगा। इसके बाद वह ट्रेन के गेट के पास कहीं बैठकर जा रहा होगा। झपकी आने पर चलती ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हुई होगी।

### मिनीडोर छोड़ कहां गया होगा

रमजान मिनी डोर छोड़ आखिर कहां गया होगा, परिजनों से बात करने पर मृतक ने अपने परिजनों को ट्रेन से कहीं जाने की जानकारी नहीं दी थी। ट्रेन से गिरने के बाद रमजान का मोबाइल तथा पर्स गायब होना कई संदेहों को जन्म देता है। मृतक का मोबाइल मिलने के बाद मौत की वजहों के कारणों का खुलासा हो सकता है, रमजान ने अपने परिजनों के अलावा और किन लोगों से बात की थी। मृतक का कॉल डिटेल निकालने के बाद इसकी जानकारी मिल पाएगी।

# पटवारी रिकार्ड में दर्ज त्रुटियों का सुधार करेंगे तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आम जनता को मिलेगी बड़ी राहत

राज्य के भू-स्वामियों को पटवारी रिकार्ड में त्रुटियों में सुधार के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। राजस्व विभाग ने भू-स्वामियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अब पटवारी रिकार्ड में दर्ज त्रुटियों का निराकरण करने के लिए तहसीलदारों को अधिकृत किया है। पूर्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भू-स्वामियों के पटवारी रिकार्ड की त्रुटियों को निराकृत करने के लिए प्राधिकृत किया गया था। राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के अभ्यावेदन पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी और इसके लिए तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार विशेष सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा उक्त संहिता की धारा 115 के अधीन तहसीलदार को भूमि स्वामी, उसके पिता, पति के नाम, उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार करने अधिकृत किया गया है। इसी प्रकार राजस्व रिकार्ड में कैफियत कॉलम में की गई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार करना, त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना, भूमि के सिंचित, असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना, भूमि के एक फसली तथा बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करने के लिए तहसीलदार को अधिकृत किया गया है।



### इनमें कर सकते हैं सुधार

- भूमि स्वामी के पिता/पति के नाम/ उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार
- त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार
- त्रुटिवश जोड़े गये खसरों को पृथक करना
- भूमि के सिंचित, असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना
- भूमि के एक फसली, बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करना

# चावल-शक्कर बिक्री में गड़बड़ी, तीन साल से जांच नहीं, दुकान संचालक बना रोड़ा

**नये जिला खाद्य अधिकारी ने चार्ज लेने के एक महीने बाद ही खुलवाई फाइल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कोटा स्थित राशन दुकान 441001007 सिद्धि पीठ खल्लारी महिला स्वसहायता समूह में तीन साल पहले चावल व शक्कर वितरण में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत मिली थी, जिस पर खाद्य विभाग ने जांच टीम बनाई थी, लेकिन टीम जब जांच करने दुकान पहुंची, तो उसके संचालक ने अधिकारियों के साथ गाली-गलौज कर हिंसा का रवैया अपनाया। इसके कारण जांच किए बिना ही टीम लौट आई थी। इस घटना के बाद अधिकारियों ने दुकान संचालक के खिलाफ विभाग के संचालक से भी शिकायत की थी, लेकिन इस शिकायत के बाद न ही दुकानदार के खिलाफ कोई एक्शन लिया गया और न ही खाद्यान्न गड़बड़ी की जांच की गई। इधर माहभर पूर्व जिला खाद्य नियंत्रक का पदभार संभालने के बाद भूपेंद्र मिश्रा के संज्ञान में जब यह मामला आया, तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी अपर कलेक्टर को दी।

इसके बाद अपर कलेक्टर ने विभाग के संचालक को पत्र लिखकर इससे संबंधित फाइल प्रशासन को उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। फाइल आने के बाद इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

**शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने पर एफआईआर दर्ज कराने के दिए गए थे निर्देश:** जांच टीम के अधिकारियों के साथ दुकान संचालक द्वारा गाली-गलौज कर हिंसा का रवैया अपनाया गया था। इसके कारण जांच किए बिना ही टीम लौट आई थी। इस मामले की शिकायत पर विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए थे कि दुकान संचालक पर शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाए, लेकिन जिला विभाग के कुछ अधिकारियों ने दुकान संचालक को बचाने के लिए न ही एफआईआर कराई और न ही जांच होने दी। इसके बाद से इस मामले की फाइल डंप पड़ी हुई है।

### जनवरी 2022 का मामला

राशन दुकान संचालक मधुसूदन मिश्रा के खिलाफ जनवरी 2022 में जिला खाद्य विभाग के पास शिकायत आई थी। इस शिकायत में एपीएल चावल की कालाबाजारी, केरोसिन वितरण नहीं करने, प्रधानमंत्री कल्याण कोष का चावल कम वितरण करने, शक्कर 20 प्रति किलो में कार्डधारियों को देने आदि शिकायत की गई थी। इस शिकायत पर फरवरी 2022 में जांच टीम गठित की गई थी। इस टीम में पहले संयुक्त संचालक दयामणि मिंज, सहायक संचालक सीमा अग्रवाल, सचिन मरकाम व प्रतिभा राठिया को शामिल किया गया था। इनमें दयामणि मिंज, प्रतिभा राठिया का स्थानांतरण होने के कारण उनकी जगह अपर संचालक जीएस पैकरा, व खाद्य निरीक्षक आस्था गौतम को शामिल किया गया था।

# राष्ट्रपति से बैगा जनजाति का रक्षा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैगा जनजाति के लोगों की प्रदेश में मलेरिया, डायरिया जैसी बीमारियों से अकाल मृत्यु पर शासन-प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। बैगा जनजाति को राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र माना जाता है। उन्होंने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर संरक्षित बैगा जनजाति की जीवन की रक्षा के लिए इस विषय में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। श्री बघेल ने पत्र में लिखा, बड़े आहत मन से मैं आपका ध्यान छत्तीसगढ़ की संरक्षित अनुसूचित जन जाति, बैगा जनजाति जिन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र भी कहा जाता है, जिनको भारत के राष्ट्रपति द्वारा विशेष संरक्षण प्रदान किया गया है, छत्तीसगढ़ में इस बैगा जनजाति की दुर्दशा पर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। चिंता का विषय है कि राज्य के कवर्धा जिले में बैगा जनजाति मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों की चपेट में है, जिसके कारण ग्राम सोनवाही में 5 लोगों की मौतें भी हो गयी हैं। ग्राम-बाहना खोदरा एवं समीप के गांवों में भी कुछ लोगों की मौत की खबरे सामने आई हैं।

## खबर संक्षेप



### तिलखैरी के सचिव को ससम्मान दी गई विदाई

**अंडा।** ग्राम पंचायत तिलखैरी के सचिव प्रीतम देशमुख को तिलखैरी पंचायत से जनपद पंचायत गुण्डरदेही पदस्थ किए जाने पर विदाई के साथ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नया सचिव अश्वनी कुमार साहू पंचायत प्रतिनिधि मीना ठाकुर सरपंच, राजेश साहू उपसरपंच, केदार देशमुख पंच, किरण साहू पंच, लेवन देशमुख पंच, गिरवर पंच, सकुंतला बाई पंच, रेखा बाई पंच, रामबाई निषाद पंच, सत्यभामा बाई पंच केवल ठाकुर पंच दोमेश्वरी निषाद आपरेटर रमेश रामटेके नाथू राम निषाद सुमन ठाकुर, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता तथा गांववासी विदाई समारोह में सम्मिलित हुए।

### अंचल में झमाझम बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत



**डौंडीलोहारा।** शनिवार को दोपहर से प्रारंभ हुई बारिश देर रात तक रुक-रुक कर जारी रही। वर्षा नहीं होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहा था, बारिश होने से अब कृषि कार्यों में तेजी आएगी। वहीं, बारिश होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।

### 500 से अधिक छात्रों का आधार कार्ड अपडेट

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्थित श्री शंकराचार्य कॉलेज में आधार कार्ड अपडेट करने का शिविर शनिवार को लगाया गया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को जानकारी मिली थी कि शंकराचार्य कॉलेज में 500 से अधिक छात्र ऐसे हैं। जिनके आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण उनको एडमिशन लेने में परेशानी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में शिविर लगा। छात्र-छात्राएं एडमिशन लेकर समय पर अपने आगे की पढ़ाई कर सकें। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार शंकराचार्य कॉलेज में सुबह 10 से आधार अपडेट करने का काम शुरू हो गया।


## निधन

### बुधंतीन गंजीर



**गुरूर।** ग्राम धनोरा निवासी बुधंतीन गंजीर का शनिवार को निधन हो गया। वे लोमेश गंजीर एवं हितेंद्र गंजीर की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### चंदूलाल साहू



**बालोद।** ग्राम खरथुली निवासी चंदूलाल साहू 84 वर्ष का शनिवार रात स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 11 ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे गोरेलाल साहू के पिता थे।







गुरूर

## बारिश : सूखे के बाद अब भारी बारिश ने बढ़ाई किसानों की परेशानी

# पानी के लिए तरस रहे खेत हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीते दो दिनों से रुक रुककर हो रही झमाझम बारिश से जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं भारी बारिश ने किसानों की भी मुश्किलें बढ़ा दी है। महज तीन दिनों पहले जहां किसानों को उनके फसल के लिए अच्छी बारिश का इंतजार था, तो वहीं दो दिनों से हुई भारी बारिश ने जिले के कई इलाकों में किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है।

दरअसल भारी बारिश से जिले कई इलाकों में खेत, तालाब में तब्दील हो गए हैं। बारिश की वजह से खेतों में लबालब पानी भरने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है, यही नहीं उन्हें इससे नुकसान भी पहुंचा है और उन्हें अब फिर से बोआई करनी पड़ सकती है। मोहलाई निवासी किसान रोशन साहू ने बताया कि खेतों में रोपाई के बाद भारी बारिश होने से और खेतों में पानी भरने से फसल नुकसान होने



की आशंका है। धान सड़ जाएगा, अच्छी पैदावारी होने से पहले ही खराब हो जाएगा और किसानों को नुकसान भी काफी होगा।

किसानों ने बताया कि खेतों में लबालब पानी भरने के बाद कोई काम नहीं हो पाएगा। बल्कि खेतों से पानी बाहर निकलने के बाद ही फसलों की स्थिति को देखकर आगे के कार्य को स्पष्ट रूप से समझ पाएंगे। जिन खेतों में रोपाई हो चुकी है और वहां पानी लबालब भरा हुआ है तो यह तय है कि उन खेतों में फिर से फसल की बुआई करनी पड़ेगी, वरना फसल चौपट हो जाएगी।


उल्लेखनीय है कि आज से महज तीन-चार दिनों पूर्व ही किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार था, ताकि उनके खेतों में लगे फसलों की अच्छी पैदावारी हो सके



लेकिन प्राकृति इतना मेहरबान है कि ने किसानों की उम्मीद से भी ज्यादा भारी बारिश हो गई और स्थिति यह है कि किसानों की अब मुश्किलें बढ़ गई है।

### खूंदनी और अकलवारा में घुसा नदी का पानी, बस्ती लबालब

**गुरूर।** दो दिनों से हुई तेज बारिश से नदी नाला उफान में आने के चलते ग्राम खूंदनी एवं अकलवारा में नदी का पानी घुस गया। बस्ती में कमर तक पानी भर गया। बाढ़ की स्थिति के कारण गांव का संपर्क मुख्यालय से टूट गया। जहां पूरे दिन लोगों को घर में रहकर ही व्यतीत करना पड़ा। खूंदनी में बाढ़ से गलियों में तीन से चार फिट पानी भर गया, जिससे कि ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ा, तो वही स्थिती ग्राम अकलवार के लोगों को सहना पड़ा जहां नदी नाला में पानी पूरा आने से पूरा दिन घर में रहना पड़ा।



### धनगांव के कई घरों में भरा पानी

**डौंडीलोहारा।** समीप स्थित धनगाँव में रविवार की रात में भारी बारिश के चलते बैरागी तालाब के पास जल संसाधन विभाग द्वारा पानी पास होने के लिए बनाया गया, सायफन जाम होने से रामनगर पारा वार्ड नं 14 के घरों में भी पानी भर गया है। इसके कारण वहां पर रह वासियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा व रतजगा करना पड़ा। पीड़ित किशोर चिंदा, कृष्णा राम चिंदा, तिलेश्वर चिंदा, रामकुमार चिंदा, सोमराज चिंदा व रोहित केराम सहित मोहल्लावासी को परेशानी उठानी पड़ रही है। उचित कार्यवाही नही होने पर पानी निकासी के लिए खरखरा नहर पार को तोड़ना पड़ सकता है।



### दल्लीराजहरा की निचली बस्तियों में भरा पानी

**दल्लीराजहरा।** पिछले दो दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश के कारण खनिज नगरी दल्लीराजहरा की निचली बस्तियों में पानी भर गया है। यहां तक की टाउनशिप, रेलवे कॉलोनी, बीएसपी और मुख्य सड़कों में घुटनों तक पानी भरने के कारण आम जनों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इस बारिश ने दल्लीराजहरा नगर पालिका के कार्यों की पोल खोलकर रख दी है। इसके साथ ही लोगों में आक्रोश देखने को मिला, वहीं सैकड़ों लोगों ने इस बारिश में हुए नुकसान का मुआवजा मांगा है। शनिवार-रविवार को हुई जमकर बारिश में जहां कई जगह सड़कें पानी में डूब गईं। रविवार सुबह ही आसमान में बादल छा गए थे। सुबह ही हुई बूंदाबांदी के बाद जमकर पानी बरसा। लगातार पानी बरसने के कारण हर तरफ सड़कों पर पानी ही पानी नजर आने लगा। दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में तो सड़कों पर नहर का आभास होने लगा। निचले क्षेत्रों की दशा ज्यादा खराब हो गई और दुकानों व घरों में पानी भर गया। दोपहर बाद तक लगातार बारिश होती रही जिससे शाम तक पानी नहीं उतर सका। तेज बारिश के कारण सड़कों पर भरे पानी के कारण वाहनों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बीच सड़क पर बंद हुए वाहनों को धक्के मार कर निकालना पड़ा। तीसरे पहर तक भी बादलों का खुमार नहीं उतरा था और वह आसमान में जमे रहे। बारिश के कारण मेन बाजार की सड़क पर पानी भर गया। लोगों को घुटनों तक के पानी से हो कर गुजरना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर बारिश के बाद इस परेशानी से गुजरना पड़ता है। उन्होंने समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।



## चातुर्मास के लिए जैन संतों ने किया नगर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जैन संत ऋषभ सागरजी म सा एवं रिजु प्रज्ञ सागरजी म सा का चातुर्मास हेतु नगर प्रवेश उल्लासपूर्ण वातावरण में कराया गया। उनके नगर प्रवेश के इस अवसर पर आस पास क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। जैन संत गंजपारा में गुलाब चंद नाहटा के निवास पर रुके थे, वहां से बाजे गाजे के साथ नगर प्रवेश कराया गया। युवा पुरुष एवं महिलाएं सभी गीत, नृत्य एवं जयकारे के साथ अपने गुरुदेव की अगवानी उत्साह एवं उमंग से करते दिखाई दे रहे थे। इस अवसर पर रायपुर धमतरी, कांकेर राजिम, खैरागढ़, दल्ली, लोहारा, गुण्डरदेही, सिकोसा, सांकरी, महासमुंद, आदि





क्षेत्रें के उनके अनुयायी पहुंचे थे। जुलूस मुख्य मार्गों से होते हुए संभवनाथ जैन मंदिर पहुंचा। संतों ने वहाँ पहुँचकर प्रभु के दर्शन किये तथा वहां से अपने गंतव्य महावीर भवन पहुंचे, जहाँ चार माह विराजमान होकर धर्म आराधना एवं व्याख्यान के माध्यम से लोगों को अरिहंत प्रभु के बताए मार्ग का स्मरण करायेंगे। उन्होंने उपस्थित समुदाय को अपने संबोधन में कहा कि यह चातुर्मास एक अवसर हैं, अपनी आत्मा की मलीनता को दूर करने का। मीडिया प्रभारी रूपचंद गोलछा ने बताया कि बाहर से पधारे संघो का चातुर्मास समिति द्वारा बहुमान किया गया तथा संतों के नगर प्रवेश में सहयोग प्रदान करनेवाले सभी व्यक्तियों संस्थाओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही पुलिस प्रशासन का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री संघ अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष मुकेश भंसाली ने चातुर्मास के आगामी सभी आयोजनों में सम्मिलित होकर इसी तरह उत्साहवर्धन की अपील की है।

## शासकीय विद्यालय किल्लेकोड़ा में लगाए गए पौधे, सुरक्षा की ली शपथ

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में प्राचार्य अजय मुखर्जी एवं समस्त विद्यालयीन स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इसके साथ ही एक-एक पौधे को गोद लेकर उनकी रक्षा करने की शपथ ली गई। व्याख्याता डॉ बीएल साहसी ने सभी को पौधों की सुरक्षा करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अशोक, जामुन, अर्जुन, नीम के पौधे बड़ी संख्या में लगाए गए। कार्यक्रम में वायएस मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता, सीजी पटेल व्याख्याता, जेपी बांधव व्याख्याता, हेमेंद्र साहू व्याख्याता, घनश्याम पटेल व्याख्याता, त्रिज़ला ठाकुर, ललित देवहारी, श्रवण यादव, खगेश ठाकुर, कुशल देवदास सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।





## बिजनेस साइड

### शांति विजय क्लाथ स्टोर का भव्य शुभारंभ

**भिलाई।** दुर्ग थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव दुर्ग में 'शांति विजय' क्लॉथ स्टोर-मैचिंग का भव्य शुभारंभ हुआ। पांच मंजिला 'शांति विजय' क्लॉथ स्टोर-मैचिंग स्टोर में देश के लीडिंग टेक्सटाइल ब्रांड्स बॉडीबेस्ट, एसएफटी, स्त्री, कंफर्ट लेडी, कृष्णा टेक्सटाइल, जीबी टेक्सटाइल, विजय लक्ष्मी की लक्ष्मी ग्रुप की यूनिट पद्म श्री, देसी लेडी, 77, धनजी मूलजी, जय श्री, बीटेक्स फैशन, बीटी, तिवारी एजेंसी, बीआई टेक्सटाइल, जेपी, एमएएम, आरसी पटेल, और हैलो पार्टनर के विशाल कलेक्शन है।

पांच मंजिला इस शानदार शो रुम के ग्रांउड फ्लोर में रेडीमेड हैवी ब्लाउज, प्रथम तल में कुर्ती, सलवार, सूटपीस, नाईट गाउन, नाईटी, द्वितीय तल में लेगिंस, कुर्ती पैंट, पटियाला, प्लाजो, लेडिज अंडर गारमेंट्स, तृतीय तल पर ड्रेस मटेरियल, रियॉन प्रिंट, कॉटन प्रिंट, रुबिया, बिजी-लीजी, दुप्पटा एवं स्टोल, चतुर्थ तल पर साड़ी फॉल, कॉटन अस्तर, पेटिकोट, ब्लाउज पीस, पॉपलीन




और पंचम तल पर बीटी अस्तर, लम्प, थान एवं पीस का लेटेस्ट और वृहद कलेक्शन रखा गया है। 'शांति विजय' शो रुम में शुभारंभ उत्सव के दौरान 1 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट पर आने वाले त्यौहारों के लिए खरीदारी की जा सकती है। शो रूम में रक्षाबंधन और तीजा में नगद खरीदी पर 25 हजार की नगद खरीदी पर 3 प्रतिशत की विशेष छूट, 50 हजार की खरीदी पर 4.76 प्रतिशत की विशेष छूट, 75 हजार की नगद खरीदी पर 5 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जा रही है। सभी प्रकार के कपड़ों की खरीदारी के लिए क्यू 11,12,13,14 थोक कपड़ा मार्केट पुलगांव, दुर्ग के शो रूम में विजिट किया जा सकता है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर के प्रधानमंत्री बने डिकेश

**डौंडीलोहारा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में सत्र 2024-25 के लिए बाल कैबिनेट का गठन किया गया। बाल कैबिनेट में सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव कराया गया। प्रधानमंत्री डिकेश कुमार, उपप्रधानमंत्री ईशा, शिक्षामंत्री थानेश्वर ,उप शिक्षा मंत्री तामेश्वरी, खेल मंत्री कोणाल, उप खेल मंत्री रागनी, स्वास्थ्य मंत्री वरुण ,उप स्वास्थ्य मंत्री महिमा,सफाई मंत्री उमाशंकर, उप सफाई मंत्री योगिता, सांस्कृतिक मंत्री रोहन,उप सांस्कृतिक मंत्री 0वर्षा,उद्यान मंत्री देवेंद्र,उप उद्यान मंत्री तोषिता को बनाया गया।सभी पदाधिकारियों को उनके कार्यो के प्रति जवाबदेही के लिए शपथ दिलाया गया।इस अवसर पर प्रधान पाठक वीणा ठाकुर, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू, अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी स्कूल अंडा में लगाए गए पौधे



**अंडा।** हायर सेकेंडरी स्कूल अंडा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को पौधा रोपण किया गया। प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर के मार्गदर्शन में नीबू, नीम, आम, गुलमोहर, अशोक ,डगर, गेंदा पपीता के साथ ही अन्य फूल एवं फलवाले पौधे लगाए गए। इसके साथ ही कुछ सब्जियों के पौधे भी लगाए गए। ईको क्लब प्रभारी पुष्पा मैडम रेणुका चंद्राकर मैडम एवं इकोक्लब के बच्चों का विशेष मार्गदर्शन रहा। स्टाफ के सभी शिक्षक और शाला के सभी बच्चों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता प्रदान की।

### ओएलएक्स के नाम पर धोखाखड़ी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** ओएलएक्स के नाम पर धोखाखड़ी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**आयोजन :** जिले में श्रद्धा के साथ मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व, गुरू के चरण छूकर लिया आशीर्वाद

# जामड़ी पाटेश्वर धाम पहुंचे मुख्यमंत्री साय संत रामबालक दास का लिया आशीर्वाद

रिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखण्ड स्थित जामड़ी पाटेश्वर धाम आश्रम पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने वहां सत्संग स्थल कौशल्या धाम में संत योगी राम बालकदास से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को गुरूपूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय ने पाटेश्वर धाम आश्रम के लिए अनेक सौगात भी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने मंदिर परिसर में पहले ब्रम्हलीन गुरूदेव रामजानकी दास की समाधि निर्माण कराने तथा मंदिर परिसर में हाई मास्ट लाईट लगाने एवं मंदिर परिसर के सीता रसोई में श्रद्धालुओं के लिए शेड निर्माण कराने की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ग्राम बड़े जुंगेरा स्थित प्री–मैट्रिक बालक छात्रावास की स्वीकृत सीटें 50 से बढ़ाकर 100 सीट करने की घोषणा भी की।

इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, साजा विधान सभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू, राज्य बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, राकेश यादव सहित एवं अन्य अतिथियों के अलावा, आई.जी. रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, प्रभारी एस.पी. जे.आर. ठाकुर तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

पाटेश्वर धाम में पहुंचने के पश्चात सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने कौशल्या धाम सत्संग परिसर में पहुंचकर पाटेश्वर धाम के संचालक रामबालक दास से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने पाटेश्वर धाम मंदिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में




जानकारी ली। मुख्यमंत्री साय मंदिर परिसर में स्थित ब्रम्हलीन संत राम जानकी दास जी के समाधि स्थल में पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सत्संग स्थल परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने वहां शिव मंदिर में पूजा अर्चना में शामिल होकर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

संत राम बालकदास ने पाटेश्वर धाम मंदिर परिसर के मांगों की ओर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ध्यान भी आकृष्ट कराया। समारोह में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले रमन गावरे एवं गौरक्षकों का भी सम्मान किया गया। सांसद भोजराज नाग ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थिति के लिए अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के साथ–साथ आम नागरिकों के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया।

### स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व



**दल्लीराजहरा।** नगर सहित क्षेत्र में गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारी बारिश के बावजूद दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में विद्यार्थी पहुंचकर शिक्षकों का सम्मान कर गुरु पूर्णिमा पर्व महोत्सव मनाया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री शर्मा ने सभी अतिथियों का सम्मानित किया।

### गायत्री मंदिर में हुआ एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ




**अंडा।** गायत्री ज्ञान मंदिर कुथरेल में गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः काल से ही पूजा का कार्यक्रम शुरू हो गया। उसके बाद सामूहिक जप किया गया और फिर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सभी परिजनों ने आहुतियां समर्पित की। कार्यक्रम में यशवंत देशमुख, कुमारी दुलारी देवांगन, संतोष देवांगन, गंगा सिन्हा, भारती कमलेश देशमुख व प्रेमलाल देशमुख एवं अन्य परिजन उपस्थित रहे।

### भिलाई-चीचा में मना गुरू पूर्णिमा पर्व



**अंडा।** ग्राम भिलाई (चीचा) में आषाढ़ महीना के पूर्णिमा पर ही गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। पंडित सूर्यकांत उपाध्याय ने भजन कीर्तन के माध्यम से कथा भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित गुरु कौन है गुरु की संस्कार शिष्यो पर कहने का मतलब है गुरु और शिष्यो पर नाता पर संदर्भित कथा वाचन किया। उन्होंने अपने शिष्यों को शुभ आशीर्वाद दिया गया।

### गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



**दल्लीराजहरा।** गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में रविवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 5 बजे से गायत्री महामंत्र का अखंड जाप 24 घंटे का किया गया। इस अखंड जाप में मरारटोला गांव के बालिकाओं ने भरपूर सहयोग दिया। पौराणिक कथाओं के अनुसार आज के दिन महान व्यक्तित्व ब्रह्म सूत्र महाभारत ,श्रीमद् भागवत और 18 पुराण जैसे अद्भुत साहित्य की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास जी का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था। उन्हीं के जन्मोत्सव को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। यह दिन अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए मनाई जाता है। तथा आज 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सुबह 8:00 बजे गायत्री परिवार के द्वारा पांच माताओं की मूर्तियां को पुराने मंदिर से, जो कि जीर्ण हो चुका है। उसमें नवनिर्माण होगा इसलिए नई जगह पर स्थापना की गई। साथ ही गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा में पांच कुंडली गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में मना गुरु पूर्णिमा पर्व



**गुरूर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुबह 6 बजे एक घंटा जप, ध्यान किया गया फिर एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ गोपाल साहू, अनुसूईया साहू थे और यज्ञ कार्यक्रम संपन्न किया, डॉ डी एल गंजीर उसके बाद शाम 5 बजे गायत्री प्रज्ञापीठ मोहरा में दीप यज्ञ का कार्यक्रम हरसोला से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुसूईया साहू, उषा गंजीर और राजकुमारी गंजीर ने किया। दीप जलाकर यज्ञ कार्यक्रम को संपन्न किया। अंत में प्रज्ञापीठ मोहारा के संयोजक डॉ डीएल गंजीर गायत्री द्वारा गुरु पूर्णिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सुखीत राम नायक सालिक राम साहू, अनुसूईया साहू, डॉ हरिकृष्ण गंजीर, रेणुका गंजीर, ऊषा गंजीर, डॉ पवन कुमार गंजीर, राजकुमारी गंजीर, हेमबाई सिन्हा, मुरही बाई साहू, शंकर लाल साहू, भूपेश कुमार साहू, जोहनी साहू, चोवराम धनकर, दानवीर नायक, सोनिया साहू, बिसंतीन साहू एवं गायत्री प्रज्ञापीठ मोहारा के सभी परिजन उपस्थित थे।



### मृतक बच्चों के परिजनों से मिले विधायक कुंवरसिंह

**गुण्डरदेही।** ग्राम डौकीडीह में गुरुवार की शाम को दो नन्हें बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक कुंवर सिंह निषाद शोक संतप्त परिवार से मिलने उनके गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक बच्चों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और सहयोग राशि प्रदान की।

# शिष्यों को आत्मा व परमात्मा को जोड़ने का मार्ग दिखाते हैं गुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने कहा कि बिना गुरु के जीवन शुरू ही नहीं हो पाता।

मेरे अपने जीवन में भी परिवर्तन गुरु के सानिध्य से ही आया। मीडिया प्रभारी रूपचंद गोलछा ने बताया कि संत ऋषभ सागर ने बताया कि सद्गुरु वे होते हैं जो सदमार्ग दिखाएं एवं आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का मार्ग दिखाएं, हमारी दृष्टि हमेशा अन्य पर ही पड़ती है तथा उनके गुण दोष दिखाई पड़ते हैं किंतु स्वयं को देखने का कार्य हम नहीं करते। गुरु वे होते हैं जो स्वयं से स्वयं की पहचान करते हैं, गुरु कोई भी हो सकते हैं, जो हमारे जीवन को एक सही दिशा दे सके वह माता–पिता, स्कूल के शिक्षक, पड़ोसी यहां तक के बच्चे भी हमारे गुरु हो सकते हैं। गुरु दर्शन वंदन एवं प्रवचन का लाभ लेने महासमुंद से संघ आया था जिसका बहुमान चातुर्मास समिति बालोद द्वारा किया गया।

# पदोन्नत हुए शिक्षकों का किया गया सम्मान, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला सेम्हरडीह के प्रांगण में शिक्षकों की पदोन्नति पर शाला प्रबंधन समिति तथा समस्त ग्रामवासियों की ओर से सम्मान तथा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महेश कोलियारे प्राथमिक शाला से पदोन्नत होकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी में गए, प्रदीप कुमार साहू पदोन्नत होकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रेंगनी तथा खेमंत कुमार साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरा में गये। तीनों शिक्षकों ने विगत 14-15 वर्ष तक शासकीय प्राथमिक शाला सेम्हरडीह में अपनी सेवा दी। शाला प्रबंधन समिति एवं समस्त ग्रामवासी तथा ग्राम पंचायत की ओर से शिक्षकों के सम्मान में श्रीफल, प्रतीकचिन्ह, शॉल व पेन डायरी भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सरपंच भगवती बाई पिस्दा, ग्रामीण अध्यक्ष समारु राम, ग्रामीण सचिव गजाधर साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उत्तर कुमार मानकर, उपाध्यक्ष रेशम गोयल, देवाराम साहू बच्चन भुआर्य शिक्षक हायर सेकेण्डरी स्कूल चिपरा, भाजपा नेता धनेश साहू, रामेश्वर ठाकुर सेवानिवृत्ति शिक्षक, भूतपूर्व अध्यक्ष दाऊलाल निषाद, गजेंद्र निर्मलकर, योगेश यादव शिक्षक प्रगति शाला डौंडीलोहारा, देवप्रसाद प्रीतम , अणेश्वरी बाई रामेश्वरी नायक, अगेश्वरी पिस्दा, कविता नायक व प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

**पाठक सूचना**
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# शासकीय विद्यालय कलंगपुर में छात्रसंघ का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर




छात्र संघ चुनाव के बाद शपथ ग्रहण समारोह

छात्र संघ परिषद का गठन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और स्वच्छ लोकतंत्र का परिचय दिया।

सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने शपथ लेते हुए संकल्प लिया कि अनुशासन में रहकर विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सहयोग प्रदान करेंगे और पढ़ाई के साथ साथ सभी गतिविधियों में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे, शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डीएल साहू ने नव निर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाई।

शाला नायक के पद पर खुशबू सिन्हा, उपशाला नायक प्रवीण साहू, सचिव पोषण लाल ठाकुर, अनुशासन सचिव तुषार देशमुख, सांस्कृतिक सचिव मौसमी गोस्वामी, विज्ञान सचिव डिंपल निर्वाचित हुए, विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र संघ परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया और शैक्षणिक गुणवत्ता एवं अनुशासन तथा विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्राचार्य टीएस कोल्हे, एचएल साहू, टीसी मंडावी, एम टंडन, डीके साहू, आर एन साहू, वाई के साहू, आरके साहू, यूके साहू, वी के साहू, टीआर साहू, मृणाल धाबे, रश्मि मालवीय, केएल कुर्रे, लता बंदे, कंचनमाला माहेश्वरी, तोषमिता मिश्रा, सोनाली विश्वास, मधु ध्रुव, एस सिंघारे, सुनीता देवांगन, आर सोनी, एमके साहू, शकुन साहू, सोहद्रा ठाकुर ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारी के प्रति हर्ष व्यक्त किया।



**रामेश्वरम धाम यात्रा**
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
22 अगस्त 2024
19 सितंबर 2024
14 अक्टूबर 2024
21 दिसंबर 2024
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
**स्वामी तीर्थ यात्रा**
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)